SANDIPANI ACADEMY

PENDRI MASTURI, BILASPUR (C.G.)

RESEARCH WORK BY FACULTY

SESSION – 2018-19

S.NO.	FACULTY NAME	TITAL OF PAPER	NAME OF JOURNALS
1	Dr. RITA SINGH	"शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान प्रगति के बारे में प्रतिभागियों के आद्यतन का अध्ययन करना"	शोध धारा
2	Dr. RITA SINGH	"छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन"	Sodh Sandarsh - VII
3	Dr. RITA SINGH	"छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन"	Sodh Sandarsh - VII
4	Ms. DIPTI SINGH RATHORE	"शिक्षक प्रशिक्षण मूलतः निरंतरता, परिवर्तन एवं कौशलों का समागम"	Survir Publication
5	Ms. DIPTI SINGH RATHORE	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन एवं परीक्षा संबंधी चिन्ता का अध्ययन"	दृष्टिकोण कला मानविकीय एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका
6	Mrs. RENU SAHU	"दीप शिखा" के अंशो में महादेवी वर्मा की साहित्यीक चेतना का अवलोकन"	International Research Journal of humans resource and Social Science
7	Ms. KAVITA BISHWAS	GLOBAL TRENDS IN TEACHER EDUCATION	SOUVENIR PUBLICATION
8	Ms. SHRITI MAJUMDAR	"खरपतवार पौधौ के फाइटोकैमिकल विश्लेषण का अध्ययन"	दृष्टिकोण कला मानविकीय एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

ISSN : 0975-3664 UGC : 41386 RNI : U.P.BIL/2012/43696
Year : 2018 Year : JUNE Vol. : 2

शोध - धारा
SHODH-DHARA

A UGC Listed Research Journal

Grade 'A' Impact Factor 5

शैक्षिक एवम् अनुसंधान संस्थान, उरई-जालौन (उ०प्र०) द्वारा प्रकाशित
Published by Shakshik Avam Anusandhan Sansthan
Orai (Jalaun) U.P.

Principal
Department of Education
Sandipani Acade

Scanned with OKEN Scanner

के संतो की भूमिका	डॉ० सपना कॉर	
४५. राष्ट्र विकास में महिला की भूमिका	डॉ० ववीता मिश्रा	185-188
४६. राष्ट्र विकास मे नारी की भूमिका	डॉ० अविनाश कुमार लाल श्रीमती अविन्दना जॉन सुश्री साधना राजपूत	189-191
४७. राष्ट्र विकास मे नारी की भूमिका	डॉ० बालकराम चौकसे	192-195
४८. राष्ट्र निर्माण और विकास में बस्तर जिले की महिलाओं का योगदान	सियालाल नाग डॉ श्रीमती लक्ष्मी लेकाम	196-200
४९. राष्ट्र विकास मे नारी की भूमिका	डॉ० (श्रीमती) सुनीला एक्का	201-202
५०. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	डॉ० हीरालाल शर्मा डॉ० ईशाबेला लकड़ा	203-206
५१. शिक्षक–शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान प्रगति के बारे में प्रतिभागियों के ज्ञान के अद्यतन का अध्ययन करना	रीता सिंह	207-209
५२. राष्ट्र विकास में नारी का योगदान	डॉ० शशि गुप्ता	210-212
५३. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	डॉ० सुजाता सेमुअल डॉ० सपना कॉर	213-215
15 ५४. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	विवेक सिंह	216-217
19 ५५. नारी शिक्षा और राष्ट्र का विकास	अनिल कुमार सिंह	218-220
५६. राष्ट्र–विकास में नारी की भूमिका	श्रीमती मनोरमा चन्द्रा	221-223
25 ५७. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	कु० प्रियंका यादव अखिलेश कुमार साहू	224-226
32 ५८. लोकतांत्रिक सहभागिता, सामाजिक परिवर्तन एवं महिला सशक्तीकरण	कादम्बरी वैष्णव	227-231
36 ५९. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	अर्चना वी.	232-236
41 ६०. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	डॉ. (श्रीमती) लक्ष्मी वृजवासी	237-239
44 ६१. भारत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका का ऐतिहासिक विश्लेषण	डॉ. घनश्याम दुबे अभिषेक अग्रवाल	240-248
48 ६२. राष्ट्र विकास में नारी की भूमिका	डॉ. दुर्गा वाजपेयी डॉ. शारदा दुबे	249-251
51 ६३. राष्ट्र विकास का आधार स्तम्भ 'नारी'	ज्योति कुशवाह	252-254
53 ६४. राष्ट्रीय विकास के निर्धारक तत्व	डॉ. सी.वी. खूंटे श्री जी.एन. भतपरे	255-258
60 ६५. वर्तमान भारत में सामाजिक समस्याओं के समाधान में रक्त वर्ग वर्गीकरण की प्रासंगिकता	संत कुमार	259-263
168 173 ६६. नारी सशक्तिकरण	डॉ. संतोष कुमार ठाकुर डॉ. किरण ठाकुर	264-266
177 181 67. Current Status,Lacunas and Scope of Scientific	Dr. Ashish Tiwari	267-273

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

ISSN : 0975-3664, RNI : U.P.BIL/2012/43696, UGC NO. : 41386
SHODH-DHARA ; JUN 18; Vol.1; P. 207-209

शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान प्रगति के बारे में प्रतिभागियों के ज्ञान के अद्यतन का अध्ययन करना

रीता सिंह

विभागाध्यक्ष, सांदीपानी एकेडमी, पेण्ड्री, मरतूरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

(प्राप्त : १० मई २०१८)

Abstract

बच्चों को शिक्षित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षकीय कार्य की सफलता शिक्षकों की कार्यशैली, शिक्षण कौशल, शिक्षकों की अभिवृत्ति के सकारात्मक होने पर निर्भर करती है। शिक्षक का दर्जा समाज में हमेशा से ही पूज्यनीय रहता है। कोई उसे अध्यापक या टीचर कहता है। ये सभी शब्द एक ऐसे व्यक्ति को चित्रित करते हैं, जो सभी को ज्ञान देता है। सिखाता है और जिनका योगदान किसी भी देश या राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करना है। सही मायनों में कहा जाये तो एक शिक्षक ही अपने विद्यार्थी का जीवन गढ़ता है। शिक्षक ही समाज की आधारशिला है। एक शिक्षक की अपने जीवन के अंत तक मार्ग दर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को राह दिखाता रहता है। तभी शिक्षक को समाज में उच्च दर्जा दिया जाता है।

References : 05 Table : 00 Figure : 00

Key Words : शिक्षा का स्वरूप, शिक्षा और ज्ञान की अद्यतन स्थिति।

प्रस्तावना

राष्ट्र के विकास में शिक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है। क्योंकि यह ज्ञान का प्रसार करती है। तथा बालकों को सभी दक्षताओं से परिपूर्ण करती है। शिक्षा के वाहक गुरू की भी ऐसी ही शिक्षा एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है जो उनके विचारों कार्यो, व्यवहार में गुणवत्ता लाये। शिक्षक २१ वीं शताब्दी का नेतृत्व करता है। बालकों को व्यवहारिक तथा सशक्त पहचान देने में उसका प्रभावी योग है। शिक्षक अपने अधिगम संबंधी कार्यो को तभी प्रभावी बना सकता है, जब वह स्वयं जागरूक हो। स्वयं का विकास प्रशिक्षण द्वारा ही संभव होगा। शिक्षा को समाज तक प्रेषित करने में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षा किसी से, कहीं से, कभी भी ली जा सकती है। बस केवल शिक्षा लेने वाला जागरूक हो। सारे देश में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से दूर रखने के लिए प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया जा रहा है। किसी भी शैक्षणिक कार्य की सफलता उसे क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों पर निर्भर करती है। अध्यापनकर्ता, आचार्य क्षेत्र एवं विषय विशेष में योग्यता रखते हैं; फिर इस विषय में शोध संपन्न किया गया है।

समय–समय पर प्रशिक्षण नये–नये तकनीकी ज्ञान, विधि, प्रावेधि, प्रशासन, प्रबंधन, पर्यावरण सुरक्षा आदि शिक्षकों को अवगत कराया जाता है। प्रशिक्षण ही वह साधन है, जिसके माध्यम से शिक्षक के कार्य व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है।

अध्ययन की आवश्यकता- शिक्षा की किसी भी प्रक्रिया में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शैक्षिक योजना के क्रियान्वयन में शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। बालक जब विद्यालय जाता है;

Principal
Department of Education
Sandipani Academy

Scanned with OKEN Scanner

REVIEW OF RESEARCH
ISSN: 2249-894X
IMPACT FACTOR : 5.7631(UIF)
UGC APPROVED JOURNAL NO. 48514
VOLUME - 8 | ISSUE - 9 | JUNE - 2019

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल के विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन

श्रीमती रीता सिंह[1] , डॉ. पार्वती यादव[2]
[1]शोधार्थी , डॉ सी.वी रामन् विश्वविद्यालय , कोटा बिलासपुर (छ.ग.)
[2]सहायक प्राध्यापक , डॉ.सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश



शिक्षण की प्रक्रिया में अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक विद्यार्थी सक्रिय रहकर सीखे तथा अभिभावक भी यहीं चाहते है कि वह प्रतिभाशाली हो। लेकिन कक्षा में कुछ बच्चें ही सीखने–सिखाने की प्राक्रिया में सक्रिय रहते है। इस समस्या के निवारण के लिए अध्यापन कार्य में कुछ नवीनता एवं परिवर्तन की आवश्यकता होती है। विद्यार्थी में अपार संभावनाएँ एवं क्षमताएँ होती है, जिनके विकास हेतु अवसर उपलब्ध कराने का कार्य अध्यापक–पालक व समाज का होता है। सर्वाधिक योगदान शिक्षक का व उनकी शिक्षण विधि का होता है। बच्चा जिन आदतों व संस्कारों को सीखता है वे जीवन पर्यन्त रहते है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना है। इसके लिए शोधार्थी द्वारा बिलासपुर जिले के 15 छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल स्कूलों के 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। अभिभावक सहभागिता के लिए विजय लक्ष्मी चौहान और गुंजन गनोत्रा अरोरा द्वारा निर्मित उपकरण का नाम Parental Involvement scale (PIS–CA) को एवं परीक्षा दुश्चिंता के लिए मधु अग्रवाल और वर्षा कौशल द्वारा निर्मित उपकरण का नाम Students Examination Anxiety Test (SEAT) एवं शैक्षिक उपलब्धि हेतु विद्यार्थियों के पिछले वर्ष के अंकों का अध्ययन किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण के पश्चात् पाया गया कि छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता के मध्य सार्थक सहसंबंध है।

Keywords – अभिभावक सहभागिता, परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि

प्रस्तावना

विद्यार्थियों में सर्वाधिक तनाव परीक्षा के दिनों में देखने को मिलता है खासकर बोर्ड परीक्षाओं के दौरान गिल, मनीषा (2011) ने अपने लेख 'एग्जामिनेशन स्ट्रेस' में लिखा है "परीक्षा को लेकर तनाव आम बात है। खासकर बोर्ड परीक्षाओं के दौरान यह तनाव छात्रों को कुछ ज्यादा ही सताता है। ऐसा नहीं है कि यह तनाव सिर्फ परीक्षा के दौरान ही होता है, बल्कि परीक्षा के परिणाम को लेकर परीक्षा के बाद भी छात्र परीक्षा तनाव में परेशान रहते है इससे बचना जरूरी है।" तनाव एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो लोगों में वैसी घटनाओं के प्रति अनुक्रिया के रूप में उत्पन्न होती है जो हमारे दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्यों को विघटित करती है। आंकड़ों के विश्लेषण के पश्चात् पाया गया कि छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

विद्यार्थियों में अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता के मध्य सार्थक सहसंबंध है। परीक्षा के समय अभिभावक विद्यार्थियों को समय नहीं दे पाते हैं जिससे बालकों में डर, भय, दुश्चिंता, चिड़चिड़ापन आ जाता है, परीक्षा दुश्चिंता के कारण बालक तनाव में आ जाता है जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिलता है। परीक्षा के समय विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों का सहयोग मिलने से बहुत कुछ हद तक परीक्षा दुश्चिंता को कम किया जा सकता है। 'परीक्षा' शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का ही पता नहीं चलता बल्कि अध्यापक की कार्यकुशलता एवं शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन भी सरलता से हो जाता है। परन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थी परीक्ष को अपन भविष्य से जोड़ लेते हैं तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों के अत्यधिक दबाव में विद्यार्थियों में चिंता का स्तर बढ़ जाता है। कभी–कभी तनाव की तीव्रता इस सीमा तक बढ़ जाती है कि 'विद्यार्थी आत्महत्या जैसा घातक निर्णय ले बैठते हैं। मनानी, प्रीति तथा गौतम, मुकेश कुमार (2011) द्वारा किये गए शोध अध्ययन परिणामों से स्पष्ट है कि परीक्षा संबंधी चिंता विद्यार्थियों को निराशा से भर देती है तथा उनके दिमाग में आत्महत्या जैसे घातक विचार को भी जन्म देती है। विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाला तनाव उनके परीक्षा परिणाम पर भी असर डालता है।

अध्ययन का औचित्य

इस पद को शोधार्थी द्वारा इसलिये लिया जा रहा है क्योंकि 10वीं के छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल में अध्ययनरत् विधार्थियों का अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर क्या प्रभाव पड़ता और उनमे कितना अंतर पाया जाता है। इसे सी.जी और सी. बी.एस.ई के विद्यार्थियों का उनके अभिभावक परीक्षा के दिनों में कितना ध्यान रख पाते है ताकि वे परीक्षा दुश्चिंता को कम कर सके। जहॉ तक पूर्व संचित ज्ञान एवं पूर्व में सम्पन्न हुए अनुसंधानों से यह ज्ञात होता है कि छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा मंडल मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों का अभिभावक सहभागिता एंव परीक्षा दुश्चिंता का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर क्या प्रभाव पड़ता है उसका तुलनात्मक अध्ययन किसी और शोधार्थी द्वारा नहीं किया गया है। इसमें यही देखने का प्रयास शोधार्थी द्वारा किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अपेक्षा केन्द्रीय शिक्षा मण्डल में पढ़ने वाले बच्चों के पैरेंन्ट्स में अभिभावक सहभागिता ज्यादा देखी जाती है।

समस्या कथन

"छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन"

प्रयुक्त पदों की परिभाषा –

1. **अभिभावक सहभागिता –**

अभिभावक की सहभागिता औपचारिक रूप से समुदाय संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्र एवं विभिन्न क्षेत्रों की दक्षता के लिए बालक व बालिकाओं के प्रति एक अच्छा तालमेल बिठा कर समन्वयक रिश्ता स्थापित करना ही अभिभावक सहभागिता है।

2. **परीक्षा दुश्चिंता**

परीक्षण में घबराहट एक मनोवैज्ञानिक अवस्था होती है जो कि किसी व्यक्ति द्वारा किसी परीक्षण के पहले अत्यधिक तनाव, चिंता व असहजता का अनुभव किया जाता है। यह चिंता अधिगम व प्रदर्शन में महत्वपूर्ण बाधा के रूप में उत्पन्न होता है। जो कि प्रत्यक्ष रूप से शैक्षिक प्रदर्शन को कम करता है।

3. **शैक्षिक उपलब्धि** – शैक्षिक उपलब्धि महाविद्यालयों के परीक्षाओं से संदर्भित होता है। परीक्षाओं के अंतिम में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक जो कि महाविद्यालयों द्वारा अभिलेख के रूप में रखा जाता है व जिसके माध्यम से शैक्षणिक उपलब्धियों में महाविद्यालयों द्वारा चिंतन किया जाता है।
4. **छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा**
5. **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल**

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

अध्ययन का उद्देश्य –

1. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध का अध्ययन।
2. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध का अध्ययन।

अध्ययन की परिकल्पना –

1. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध नहीं पाया जाएगा।
2. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध नहीं पाया जाएगा।

शोध विधि –

सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श –

प्रस्तुत शोध में शोधार्थी द्वारा आंकड़ों के संग्रहण हेतु बिलासपुर जिले के केन्द्रिय विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले समस्त छात्र जनसंख्या के रूप में सम्मिलित किये गए हैं इनमें से न्यादर्श हेतु केन्द्रिय शिक्षा मण्डल के 15 विद्यालयों में से 300 विद्यार्थियों का साधारण यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया है।

शोध उपकरण –

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु निम्नानुसार शोध उपकरण का प्रयोग किया गया है–

- मधु अग्रवाल और वर्शा कौसल द्वारा निर्मित – Students Examination Anxiety Test (SEAT)
- विजय लक्ष्मी चौहान और गुंजन गनोत्रा अरोरा द्वारा निर्मित – Parental Involvement scale (PIS –CA)
- शैक्षिक उपलब्धि हेतु विद्यार्थियों के पिछले वर्ष के अंकों का अध्ययन किया गया है।

प्रयुक्त सांख्यकीय विधि –

सहसंबंध गुणांक $r = \frac{\sum xy}{\sqrt{\sum x^2 . \sum y^2}}$

HO1 छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

समूह	विद्यार्थियों की संख्या N	मध्यमान	$\sum x^2$ & $\sum y^2$	$\sum xy$	सहसंबंध गुणांक	सार्थकता कोटि	सार्थकता स्तर	परिणाम
अभिभावक सहभागिता	600	78.46833	46221.4	22784.32	0.398		0.05=0.062	धनात्मक सहसंबंध
शैक्षिक उपलब्धि	600	73.843	71007.17				0.01=0.081	

व्याख्या एवं विश्लेषण

उपरोक्त सारणी क्रमांक 1 में चरों में मध्य सहसंबंध को ज्ञात करने हेतु कार्ल पियर्सन के गुणन–आघूर्ण विधि का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त सारणी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रिय शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों (N=1200) की अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमशः 78.46833 तथा 73.843 है तथा इनके मध्य का सहसंबंध गुणांक 0.398 है। सार्थकता कोटि (df) = 1198 के लिए 'r' का सारणी मान 0.01 सार्थकता स्तर पर 0.081 है तथा 0.05 सार्थकता स्तर पर 0.062 है। r के प्राप्त मान 'r' के सारणी मान से 0.01 तथा 0.05 दोनों ही स्तरों पर अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना HO1 " छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।" अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष – निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध हैं।

HO2 : छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।

समूह	विद्यार्थियो की संख्या N	मध्यमान	$\sum x^2$ & $\sum y^2$	$\sum xy$	सहसंबंध गुणांक	सार्थकता कोटि	सार्थकता स्तर	परिणाम
परीक्षा दुश्चिंता	600	19.63833	7198.518	3229.331	0.143		0.05=0.062	धनात्मक सहसंबंध
शैक्षिक उपलब्धि	600	73.843	71007.1				0.01=0.081	

व्याख्या एवं विश्लेषण

उपरोक्त सारणी क्रमांक 2 में चरों में मध्य सहसंबंध को ज्ञात करने हेतु कार्ल पियर्सन के गुणन–आघूर्ण विधि का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त सारणी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रिय शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों (N=1200) की अभिभावक

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमशः 21.8605 तथा 8551.833 है तथा इनके मध्य का सहसंबंध गुणांक 0.143 है। सार्थकता कोटि (df) = 1198 के लिए 'r' का सारणी मान 0.01 सार्थकता स्तर पर 0.081 है तथा 0.05 सार्थकता स्तर पर 0.062 है। r के प्राप्त मान 'r' के सारणी मान से 0.01 तथा 0.05 दोनों ही स्तरों पर अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना HO_2 " छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।" अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के अर्न्तगत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं के परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सहसम्बन्ध हैं।

निष्कर्ष

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल में आने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं अभिभावक सहभागिता दोनों का ही उनकी शैक्षिक उपलब्धि से सार्थक सहसंबंध पाया गया।

उपसंहार

परीक्षा के समय अभिभावक विद्यार्थियों को समय नहीं दे पाते हैं जिससे बालकों में डर, भय, दुश्चिंता, चिड़चिड़पन आ जाता है, परीक्षा दुश्चिंता के कारण बालक तनाव में आ जाता है जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिलता है। परीक्षा के समय विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों का सहयोग मिलने से बहुत कुछ हद तक परीक्षा दुश्चिंता को कम किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ

- भटनागर, डॉ. सुरेश एवं जोशी, डॉ. सुरेश – शिक्षण अधिगम का मनोविज्ञान
- Henry and Garret, Statistical Methods.
- चौहान, सुदीप कुमार, परासर, ज्योतीमा, शर्मा, कु. पुनम – बाल मनोविज्ञान एक अध्ययन
- Jackson, E. (2008). " Mathematic anxiety in students teachers."
- लाल, रमन बिहारी एवं जोशी, सुरेश चन्द्र – शिक्षा मनोविज्ञान एवं प्रारंभिक सांख्यिकी
- Melincavage, SM (2011). "Students Nurse's Experiences of anxiety in the clinical setting."
- Schatz, DB & Rostain, AL (2006). "ADHD with comoribid Anxiety a review of the current literature."
- Sharif, F. & Armitage, P. (2004). "The effect of psychological and education counseling in reducing anxiety in nursing students."
- Terrion, JL & Leonard, D. (2007). "A taxonomy of the characteristic of student peer mentors in higher education finings from a literature review."
- Zientek, LR. & Yetkiner, ZE (2010). Characterizing the mathematics anxiety literature using confidence intervals as a literature review''

श्रीमती रीता सिंह
शोधार्थी , डॉ.सी.वी. रामन विश्वविद्यालय , कोटा बिलासपुर (छ.ग.)

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pondri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

(U.G.C. Approved Journal No. : 41329)

ISSN No. - 2319–5908

Education : Shodh Sandarsh-VII, Vol.-XXIII, June-2019, Page : 52-56

General Impact Factor : 1.7276, Scientific Journal Impact Factor : 4.713

छत्तीसगढ़ी माध्यमिक शिक्षा मण्डल के विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन

*डॉ. पार्वती यादव** *श्रीमती रीता सिंह***

सारांश

शिक्षण की प्रक्रिया में अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक विद्यार्थी सक्रिय रहकर सीखें तथा अभिभावक भी यही चाहते हैं कि वह प्रतिभाशाली हो। लेकिन कक्षा में कुछ बच्चे ही सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सक्रिय रहते हैं। इस समस्या के निवारण के लिए अध्यापन कार्य में कुछ नवीनता एवं परिवर्तन की आवश्यकता होती है। विद्यार्थी में अपात संभावनाएँ क्षमताएँ होती हैं, जिनके विकास हेतु अवसर उपलब्ध कराने का कार्य अध्यापक-पालक व समाज का होता है। सर्वाधिक योगदान शिक्षक का व उनकी शिक्षण विधि का होता है। बच्चा जिन आदतों व संस्कारों को सीखता है वे जीवनपर्यन्त रहते हैं। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना है। इसके लिए शोधार्थी द्वारा बिलासपुर जिले के 15 छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल स्कूलों के 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। अभिभावक सहभागिता के लिए विजय लक्ष्मी चौहान और गुंजन गनोत्रा अरोरा द्वारा निर्मित उपकरण का नाम Parental Involvement Scale (PIS-CA) को एवं परीक्षा दुश्चिंता के लिए मधु अग्रवाल और वर्षा कौशल द्वारा निर्मित उपकरण का नाम Students Examination Anxiety Test (SEAT) एवं शैक्षिक उपलब्धि हेतु विद्यार्थियों के पिछले वर्ष के अंकों का अध्ययन किया गया है। आँकड़ों के विश्लेषण के पश्चात् पाया गया कि छत्तीगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं पढ़ने वाले विद्यार्थियों में अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध है।

अभिभावक सहभागिता, परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि

प्रस्तावना

विद्यार्थियों में सर्वाधिक तनाव परीक्षा के दिनों में देखने को मिलता है। खासकर बोर्ड परीक्षाओं के दौरान गिल, मनीषा (2011) ने अपने लेख 'एक्जामिनेशन स्ट्रेस' में लिखा है, "परीक्षा को लेकर तनाव आम बात है। खासकर बोर्ड परीक्षाओं के दौरान वह तनाव छात्रों को कुछ ज्यादा ही सताता है। ऐसा नहीं कि यह तनाव सिर्फ परीक्षा के दौरान ही होता है, बल्कि परीक्षा के परिणाम को लेकर परीक्षा के बाद भी छात्र परीक्षा तनाव में परेशान रहते हैं इससे बचना जरूरी है।" तनाव एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो लोगों में वैसी घटनाओं के प्रति अनुक्रिया के रूप में उत्पन्न होती है जो हमारे दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्यों को विघटित करती है। आँकड़ों के विश्लेषण के पश्चात् पाया गया कि छत्तीगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध होता है। परीक्षा के समय अभिभावक विद्यार्थियों को समय नहीं दे पाते हैं जिससे बालकों में डर, भय, दुश्चिंता, चिड़चिड़ापन आ जाता है, परीक्षा दुश्चिंता के कारण बाल तनाव में आ जाता है जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिलता है। परीक्षा के समय विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों का सहयोग मिलने से बहुत कुछ

* सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

** शोधार्थी, शिक्षाशास्त्र विभाग, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

हद तक परीक्षा दश्चिंता के कम किया जा सकता है। 'परीक्षा' शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का पता ही नहीं चलता बल्कि अध्यापक की कार्यकुशलता एवं शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन भी सरलता से हो जाता है। परन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थी परीक्षा को अपने भविष्य से जोड़ लेते हैं तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों के अत्यधिक दबाव में विद्यार्थियों में चिन्ता का स्तर बढ़ जाता है। कभी-कभी तनाव की तीव्रता इस सीमा तक बढ़ जाती है कि विद्यार्थी आत्महत्या जैसा घातक निर्णय ले बैठतें हैं। मनानी, प्रीति तथा गौतम, मुकेश कुमार (2011) द्वारा किए गये शोध अध्ययन परिणामों से स्पष्ट है कि परीक्षा सम्बन्धी चिन्ता विद्यार्थियों को निराशा से भर देती है तथा उनके दिमाग मों आत्महत्या जैसे घातक विटार को भी जन्म देती है। विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाला तनाव उनके परीक्षा परिणाम पर भी असर डालता है।

अध्ययन का औचित्य

इस पद को शोधार्थी द्वारा इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि 10वीं के छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर क्या प्रभाव पड़ता है और उनमें कितना अन्तर पाया जाता है। इसे सी.जी. और सी.बी.एस.ई. के विद्यार्थियों का उनके अभिभावक परीक्षा के दिनों में कितना ध्यान रख पाते हैं ताकि वे परीक्षा दुश्चिंता को कम कर सके। जहाँ तक पूर्व संचित ज्ञान एवं पूर्व में सम्पन्न हुए अनुसंधानों से यह ज्ञात होता है कि छत्तीगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अभिभावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर क्या प्रभाव पड़ता है उसका तुलनात्मक अध्ययन किसी और शोधार्थी द्वारा नहीं किया गया है। इसमें यही देखने का प्रयास शोधार्थी द्वारा किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अपेक्षा केन्द्रीय शिक्षा मण्डल में पढ़ने वाले बच्चों के पैरेण्ट्स में अभिभावक सहभागिता ज्यादा देखी जाती है।

समस्या कथन

"छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के विद्यार्थियों के अभिबावक सहभागिता एवं परीक्षा दुश्चिंता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन"

प्रयुक्त पदों की परिभाषा

1. अभिभावक सहभागिता—अभिभावक की सहभागिता औपचारिक रूप से समुदाय संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्र एवं विभिन्न क्षेत्रों की दक्षता के लिए बालक व बालिकाओं के प्रति एक अच्छा तालमेल बिठा कर समन्वयक रिश्ता स्थापित करना ही अभिभावक सहभागिता है।

2. परीक्षा दुश्चिंता—परीक्षा में घबराहट एवं मनोवैज्ञानिक अवस्था होती है जो कि किसी व्यक्ति द्वारा किसी परीक्षण के पहले अत्यधिक तनाव, चिन्ता व असहजता का अनुभव किया जाता है। यह चिन्ता अधिगम व प्रदर्शन में महत्वपूर्ण बाधा के रूप में उत्पन्न होता है जो कि प्रत्यक्ष रूप से शैक्षिक प्रदर्शन को कम करता है।

3. शैक्षिक उपलब्धि—शैक्षिक उपलब्धि महाविद्यालयों को परीक्षाओं से संदर्भित होता है। परीक्षाओं के अंतिम में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक जो कि महाविद्यालयों द्वारा अभिलेख के रूप में रखा जाता है व जिसके माध्यम से शैक्षणिक उपलब्धियों में महाविद्यालयों द्वारा चिन्तन किया जाता है।

4. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा—

अध्ययन के उद्देश्य—

1. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सह-सम्बन्ध का अध्ययन है।
2. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सह-सम्बन्ध का अध्ययन।

अध्ययन की परिकल्पना—

1. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं पाया जायेगा।

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pondri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

2. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अन्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं पाया जायेगा।

शोध विधि–सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श–प्रस्तुत शोध में विद्यार्थी द्वारा आँकड़ों के संग्रहण हेतु बिलासपुर जिले के केन्द्रीय विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले समस्त छात्र जनसंख्या के रूप में सम्मिलित किये गये हैं। इनमें से न्यादर्श हेतु केन्द्रीय शिक्षा मण्डल के 15 विद्यालयों में से 300 विद्यार्थियों का साधारण यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया है।

शोध उपकरण–प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु निम्नानुसार शोध उपकरण का प्रयोग किया गया है–

- **मधु अग्रवाल और वर्षा कौशल द्वारा निर्मित**–Students Examination Anxiety Test (SEAT)
- **विजय लक्ष्मी चौहान और गुंजन गनोत्रा अरोरा द्वारा निर्मित**–Parental Involvement Scale (PIS-CA)
- शैक्षिक उपलब्धि हेतु विद्यार्थियों के पिछले वर्ष के अंकों का अध्ययन किया गया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय विधि

सह-सम्बन्ध गुणांक = $r = \frac{\sum xy}{\sqrt{\sum x^2 \cdot \sum y^2}}$

परिकल्पना HOI–

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं पाया जायेगा।

समूह	विद्यार्थियों की संख्या N	मध्यमान	$\sum x^2$ और $\sum y^2$	$\sum xy$	सहसम्बन्ध गुणांक	सार्थकता स्तर	परिणाम
छ. ग. के छात्र-छात्राओं का अभिभावक भागिता	300	74.04	19287.52	413.52	0.023	0.05 = 0-088	धनात्मक सहसम्बन्ध
छ0ग0 के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक उपलब्धि	300	65.52333	17478.52			0.01 = 0.115	

व्याख्या एवं विश्लेषण

उपरोक्त सारणी क्रमांक 1 में चरों में मध्य सह-सम्बन्ध को ज्ञात करने हेतु कार्ल पियर्सन के गुणन-आघूर्ण विधि का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त सारणी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अन्तर्गत विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्रों (N = 600) की अभिभावक सहभागिता एवं शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमशः 74.04 तथा 65.52333 है तथा इनके मध्य का सह-सम्बन्ध गुणांक 0.023 है। Degree of Freedom (df) = 598 के लिए 'r' का सारणी मान 0.01 सार्थकता स्तर पर 0.115 है तथा 0.05 सार्थकता स्तर पर 0.088 है। r के प्राप्त मान 'r' के सारणी मान से 0.01 तथा 0.05 दोनों ही स्तरों पर कम है। अतः शून्य परिकल्पना HO_1 "छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के कक्षा

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध पाया जायेगा।'' स्वीकृत होती है।

निष्कर्ष

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि छत्तीगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक सहभागिता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध है।

परिकल्पना HO2

छत्तीगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा दुश्चिंता एवं उनकी शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं पाया जायेगा।

समूह	विद्यार्थियों की संख्या N	मध्यमान	$\sum x^2$ और $\sum y^2$	$\sum xy$	सहसम्बन्ध गुणांक	सार्थकता स्तर	परिणाम
छ. ग. के छात्र-छात्राओं का परीक्षा दुश्चिंता	300	19.65	3486.25	2645.15	0.337	0.05 = 0-088	धनात्मक सहसम्बन्ध
छ0ग0 के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक उपलब्धि	300	65.52333	17478.52			0.01 = 0.115	

व्याख्या एवं विश्लेषण

उपरोक्त सारणी क्रमांक 2 में चरों के मध्य सह-सम्बन्ध को ज्ञात करने हेतु कार्ल पियर्सन के गुणन-आघूर्ण विधि का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त सारणी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा माध्यमिक के अन्तर्गत विद्यालयों ksakèe 10JeRVh{ vsJeusÚ¢SMM (N = 600) की परीक्षा दुश्चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमशः 19.65 तथा 65.52333 है तथा इनके मध्य का सह-सम्बन्ध गुणांक 0.337 है। Degree of freedom (df) = 598 के लिए 'r' का सारणी मान 0.01 सार्थकता स्तर पर 0.088 है तथा 0.05 साथ7कता स्तर पर 0.115 है। r के प्राप्त मान 'r' के सारणी मान से 0.01 तथा 0.05 दोनों ही स्तरों पर अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना HO_2 ''छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं पाया जायेगा।'' अस्वीकृत होती है।

निष्कर्ष

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सह-सम्बन्ध नहीं हैं।

निष्कर्ष

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल में आने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के परीक्षा दुश्चिंता एवं अभिभावक सहभागिता दोनों की ही उनकी शैक्षिक उपलब्धि से सार्थक सह-सम्बन्ध पाया गया।

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)
Scanned with OKEN Scanner

उपसंहार

परीक्षा के समय अभिभावक विद्यार्थियों को समय नहीं दे पाते हैं जिससे बालकों में डर. भय, दुश्चिंता, चिड़चिड़ापन आ जाता है, परीक्षा दुश्चिंता के कारण बालक तनाव में आ जाता है जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिलता है। परीक्षा के समय विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों का सहयोग मिलने से बहुत कुछ हद तक परीक्षा दुश्चिंता को कम किया जा सकता है।

सन्दर्भ-सूची

- भटनागर, डॉ. सुरेश एवं जोशी, डॉ. सुरेश : शिक्षण अधिगम का मनोविज्ञान
- Henry and Garret, Statistical Methods.
- चौहान, सुदीप कुमार; परासर, ज्योतीमा; शर्मा, कु. पुनम : बाल मनोविज्ञान एक अध्ययन
- Jackson, E. (2008) : Mathematics Anxiety in Students Teachers.
- लाल, रमन बिहारी एवं जोशी, सुरेश चन्द्र : शिक्षा मनोविज्ञान एवं प्रारंभिक सांख्यिकी।

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

SOUVENIR

DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

INTERNATIONAL CONFERENCE

On

"Globalization of Teacher Education

21st & 22th July, 2018



Organized By

Department of Education

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

In Association With

Council for Teacher Education (CTE)

Venue: Dr. C.V.Raman University Kota, Bilaspur (C.G.) www.cvru.ac

Principal
Department of Education
Sandipani [illegible]
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

53	The impact of ICT on Teacher Education at Present ...	Dr Sunil Kumar Sain	26
54	A Study on Need of ICT in Teacher Education	Srishti Tamrakar	27
55	Information and Communication Technologies	Sanjeevani Thakur	27
56	A Comparative Study among the Student -Teachers of	Manisha VijayVargiya	28
57	Global Role of Teacher Education	Sangeeta Yadav, Nand Kumar Singh	28
58	Personality Dimensions, Cognitive Differentiation and Gender ...	Sona Ram Verma	29
59	History of In-service Teacher Education in India	Dr. Saumnya Tiwari	29
60	Globalization and the Preparation of Quality Teacher	Smt. Bharti Kuldeep	30
61	Ethical and Moral Value of Teacher Education	Dr. Vibha Mishra, Shri Dhanlal Jaiswal	30
62	आईसीटी आधारित अध्यापक शिक्षा	Nayana Pahadiya	31
63	नवीन शिक्षण सीखने की प्रकिया	Sarika Sahu	31
64	वैश्वीय परिवर्तन का शिक्षक शिक्षा पर प्रभाव	रश्मि शुक्ला	32
65	भूमण्डलीकरण एव शिक्षको की व्यावसायिक सुदक्षता	डॉ. अनिता सिंह	33
66	डी एल एड प्रशिक्षण संस्थाओं का सम्पूर्ण गुणवत्ता मूल्यांकन	सत्य प्रकाश यादव,	33
67	शिक्षक शिक्षा मे शिक्षण प्रतिमानों के नवीन आयाम	डॉ. (श्रीमती) शोभा पुष्कर, शैलजा पवार	34
68	शिक्षक,शिक्षण एव आईसीटी	सरस्वती साहू	34
69	सेवारत् एवं सेवापूर्व– अध्यापक शिक्षा	Dr. Snehlata Nirmalkar	35
70	समावेशी शिक्षा के लिए शिक्षक की तैयारी	Mithalesh Singh Rajput	35
71	विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण का अध्ययन ...	प्रो. पी.के. नायक,, सीमा अग्रवाल	36
72	शिक्षक , शिक्षकीय प्रशिक्षण को बेहतर बनाने हेतु सरकार का प्रयास	अनिता यादव	37
73	सफल शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्माण कैसे किया जाए	सविता यादव	38
74	पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएँ	विजय कुमार गारुडिक, नीता गारुडिक	38
75	इटर्नशिप कार्यक्रम : भावी शिक्षकों को कार्यक्षम बनाने डाइट की भूमिका	प्रीति देशपांडे	39
76	सामाजिक विज्ञान विषय के अधिगम मे नाट्य विधि का प्रयोग एवं ...	छाया शर्मा	40
77	शिक्षा सभी के लिये	Neelima Gupta, Digree Lal Patel	41
78	शिक्षा के क्षेत्र मे आई. सी. टी. की भूमिका	प्रियंका चन्द्रा, विनय खाण्डेकर	41
79	वैश्विक परिदृश्य मे शिक्षा का लोकव्यापीकरण	प्रीति द्विवेदी	42
80	ICT based on current model in Teacher education	Vidya Bhushan Sharma	43
81	भावी शिक्षकों की आर्थिक साक्षरता स्तर पर सम्बंधित शोध साहित्यों ...	धर्मबीर पटेल	43
82	शिक्षक शिक्षा पर वैश्विक परिवर्तन का प्रभाव	Vijay Kumar Sahu	44
83	Innovative teaching learning process	ममता सोनेश्वर	45
84	वैश्वीकरण और शिक्षक शिक्षा	खुशबू राठौर	45
85	भूगोल शिक्षण मे सूचना एव संचार प्रौद्योगिकी	काजल मोइत्राए मंजूषा साहू	46
86	वैश्विक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सरकार एवं अन्य	भूमिका देवाँगन	46
87	वैश्विक सदर्भ मे शिक्षक शिक्षा में नवाचार	ज्योति सक्सेना	47
88	शिक्षक प्रशिक्षण मूलत: निरंतरता, परिवर्तन एवं कौशलो का समागम	दीप्ति सिंह राठौर	48
89	वैश्विक प्रवृत्ति मे अध्यापक शिक्षा	राहुल कुमार तिवारी, कुलजीत सिंह	49
90	वर्तमान समय मे नवाचारी शिक्षण का स्थान–भारत के सन्दर्भ में	Kavita Biswas	49
91	प्रारंभिक भाषा शिक्षण सिद्धांतों से कक्षा तक	हीराधर सिन्हा	50
92	शिक्षक शिक्षा पर वैश्विक परिवर्तनो का प्रभाव	डॉ. अरविन्द कुमार यादव, सुनील यादव	50
93	" व्यवहारिक ज्ञान के सदर्भ मे इन्टरशिप कार्यक्रम की भूमिका "	मंजू भट्ट	50
94	शिक्षक–शिक्षा के नैतिक और नैतिक मूल्य	सुशील कुमार श्रीवास	51
95	शिक्षक शिक्षा मे वैश्विक रुझान एव समस्याएँ	राखी शर्मा	52
96	शिक्षा मे नवाचार	सीमांचल त्रिपाठी	53
97	प्राचीन एवम् आधुनिक शिक्षा एक तुलनात्मक अध्ययन	डॉ. महेश कुमार शुक्ल, अतुल कुमार मिश्र	54
98	"आधुनिकता एवम् शिक्षा का पारस्परिक सम्बन्ध"	अभिषेक अग्रवाल, विपिन तिकी	54
99	प्राचीन कालीन एव बौद्धकालीन शिक्षा	नवीन कुमार श्रीवास्तव	55
100	शिक्षा मे नवाचार	अन्नामलिका	56
101	ICT Based Teacher Education	ईश्वरी कुमार सिन्हा	56
102	उच्च शिक्षा मे आई सी टी का प्रयोग एव महत्व	कृष्ण कुमार पाण्डेय, डॉ. रामरतन साहू	57
103	शैक्षणिक वैश्वीकरण मे भ्रष्टाचार की प्रभाविता	रूदेश कुमार पाण्डेय	58
104	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य	दुर्गावती मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार नायक	58

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pandri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षक प्रशिक्षण मूलतः निरंतरता, परिवर्तन एवं कौशलो का समागम

दीप्ति सिंह राठौर
सहा. प्राध्यापक संदीपनी एकेडमी मस्तुरी बिलासपुर

परिवर्तन प्रकृति का नियम हैं। चेहरे बदलते हैं, लोग बदलते हैं, समाज बदलता हैं उनकी सोच–विचार बदलती हैं। यह विचार विष्व के समाजों को, उनकी आधार और परम्पराओं को बदलते हैं। इस परिवर्तनीय दुनिया की आने वाली पीढ़ी, वर्तमान पीढ़ी से अलग है और वर्तमान पीढ़ी बीत गई पीढ़ी से स्पष्ट है परिवर्तन का यह दौर अबधागति से चलता रहता है क्योंकि प्रकृति का एक और नियम है निरंतरता।

वर्तमान की षिक्षा पद्धति भी आने वाले नवीन ऊर्जा एवं नई सोच का स्वागत शिक्षा में नवीनता ला कर करती हैं। इस नई सोच व नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए आवष्यक है की शिक्षक प्रशिक्षण में भी नवीनता आए। वैसे तो अध्यापन कार्य समस्त कार्यों में पवित्रतम और परमावष्यक माना जाता है षिक्षक प्रक्रिया निश्चित रूप से अध्यापन शिक्षा पर निर्भर है यह एक शैक्षिक आयोजन हैं। प्रत्येक अध्यापक के लिए प्रषिक्षण अति आवष्यक हैं। अप्रशिक्षित अध्यापक की तुलना में प्रशिक्षित अध्यापक अधिक प्रभावी सिद्ध होता हैं। शिक्षक प्रशिक्षक का आधार पाठ्यक्रम है एवं शिक्षक उसका निर्देशकर्ता।

षिक्षक प्रशिक्षण का गुण केवल विषय में निपुणता होना ही नहीं, सूचनाओं का प्रभावी ढंग से छात्रों तक प्रेषण ज्ञान, अभिवृत्ति के साथ कई कौशलों पर निर्भर करती हैं इसलिए शिक्षक प्रषिक्षण के लिए तीन वस्तुए आवश्यक है ज्ञान, अभिवृत्ति एवं कौशल। ज्ञान केवल विषय सम्बन्धी या पुस्तक सम्बन्धी न होकर व्यवहारिक हो जो शिक्षा एवं भावी जीवन के दायित्वों एवं कर्तव्यों को ग्रहण एवं वहन करने में सक्षम बनाए। अभिवृत्ति ऐसी हो जिससे एक अनुभवी अपने अनुभव की सहायता से अनुभवहीनता को दूर कर नवीन अनुभवों से जोड़े और स्वयं जुड़े भी। ज्ञान एवं अनुभव ही कौशल के आधार है यह कौशल कुछ जन्मजात, बहुत सारा प्रशिक्षण एवं अभ्यास के बाद विकसित होता हैं। यह अभ्यास ही तकनीकों में सक्षम बनने में सहायक हैं।

इसलिए आवश्यक है कि शिक्षण प्रशिक्षण में कौशलों, लक्ष्यों, सिद्धांत एवं उद्देश्य में समय के साथ परिवर्तन आए। शिक्षक प्रशिक्षण का यह परिवर्तन इतना सकारात्मक हो कि उनसे शिक्षित होती नई पीढ़ी जब पूर्ण शिक्षित हो तब वह अपने लक्ष्य एवं उद्देश्य की ऊंचाईयों को छूने में झिझके न। ये कौशल ही तो है जो व्यक्ति के कवच का कम करती है जिससे वह लड़खड़ाते तो है परन्तु रूकते नहीं, ठहरते नहीं।

***

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pandri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

संपादक

डॉ. अश्विनी महाजन

रीडर, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

दृष्टिकोण प्रकाशन

WZ-724, पालम गांव, नई दिल्ली-110045

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

आधुनिक बिहार का सृजन: एक ऐतिहासिक विश्लेषण–प्रो० (डॉ०) अर्चना कुमारी साह 1902
धर्मवीर भारती के कथा साहित्य में 'परिवार एवं समाज में नारी की स्थिति'–आलोक कुमार 1906
विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की ऑनलाइन शिक्षण के प्रति अभिरुचि का अध्ययन–डॉ० क्षमा पाण्डेय; डॉ० नीरज कुमार 1909
भारतीय चित्रकला के प्रारम्भिक स्वरूप एवं उसकी विशेषताओं का अध्ययन–डॉ० अरविन्द कुमार यादव 1913
संयुक्त परिवार पर आधुनिकीकरण का प्रभाव–संतोष विश्वकर्मा 1916
"उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन एवं परीक्षा संबंधी चिंता का अध्ययन"–दीप्ति सिंह राठौर 1919

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pandri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

"उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन एवं परीक्षा संबंधी चिंता का अध्ययन"

दीप्ति सिंह राठौर

सहायक प्राध्यापक, सांदीपनी एकेडमी, पेन्ड्री (मस्तूरी), जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश

प्रस्तुत शोध अध्ययन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन एवं परीक्षा संबंधी चिंता को जानने के लिए किया गया है। शोध हेतु राज्य छत्तीसगढ़ के जिला-बिलासपुर के दो विकासखण्ड मस्तूरी और बिल्हा के 100 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थीयों का चयन उद्देश्य पूर्ण न्यायदर्श विधि द्वारा किया गया है। विद्यार्थियों के शालेय समायोजन को जानने के लिए आंकड़ो के संग्रह हेतु डॉ. ए0के0 सिन्हा व डॉ. आर0पी0 सिंह (1984) द्वारा निर्मित समायोजन वस्तू सूची और डॉ. मधु अग्रवाल तथा वर्षा कौशल (1985) द्वारा निर्मित विद्यार्थी परीक्षा चिंता मापनी का प्रयोग किया गया है। उपकरणों से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के लिए मध्यमान, प्रमाणिक विचलन और CR का प्रयोग किया गया है। सांख्यिकीय विश्लेषण के बाद यह पाया गया कि प्रतिभाशाली एवं पिछड़े बालकों के शालेय समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया साथ ही विशिष्ट विद्यार्थियों की परीक्षा संबंधी चिंता में भी अंतर नही पाया गया। परिणाम में यह पाया गया कि पिछड़े बालक मानसिक अस्थिरता और कुसमायोजन के कारण शालेय कार्यो में पिछड़े रहते है इसके विपरीत प्रतिभाशाली बालक स्थिर संवेग, सामाजिक व शैक्षिक समायोजन बनाएं रखे हैं।

की वर्ड- परीक्षा संबंधी चिंता, विशिष्ट बालक, शालेय समायोजन।

प्रस्तावना-

शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जो विद्यार्थियों की जन्मजात् शक्तियों के स्वाभाविक और सामंजस्यपूर्ण विकास में योगदान देती है। यह योगदान समान रूप से सभी विद्यार्थियों को दिया जाता है परन्तु अपनी-अपनी योग्यतानुसार या व्यक्तित्वनुसार विद्यार्थी शिक्षा को ग्रहण करता है। विद्यार्थियों का स्तर भी उनके शारीरिक, सामाजिक या मानसिक रूप से अलग-अलग होता है। ऐसे विद्यार्थी जो सामान्य विद्यार्थियों से किन्ही बातों पर भिन्न होते हैं वे विशिष्ट बालको की श्रेणी में आते Gsa विशिष्ट बालकों से तात्पर्य ऐसे बालको से है जिनकी बुद्धि तीव्र या मंद होती है इसमें भी कई प्रकार होते है जो सांवेगीक, शारीरिक एवं मानसिक रूप से भिन्न-भिन्न होते है जो इस प्रकार से है-

सांवेगिक रूप से विशिष्ट बालक के प्रकार-

- समस्यात्मक बालक
- अपराधी बालक
- कुसमायोजक बालक

शारीरिक रूप से विशिष्ट बालक के प्रकार

- विकलांग बालक
- गव्यात्मक अक्षम बालक

मानसिक रूप से विशिष्ट बालक के प्रकार

- प्रतिभाशाली
- पिछड़े बालक
- मंदबुद्धि बालक

विशिष्ट बालक को समझाते हुए को व को कहा है कि "वह बालक जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और संवेगात्मक आदि विशेषताओं से विशिष्ट हो और यह विशिष्टता इस स्तर की हो कि उसे अपनी विकास क्षमता की उच्चतम सीमा तक पहुँचने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता हो, असाधारण या विशिष्ट बालक कहलाता है।" इस प्रकार कई स्तरो में विशिष्ट बालक शिक्षा कार्य में अपने व्यक्तित्वानुसार कार्य करते हैं इनमें सबसे प्रमुख है प्रतिभाशाली

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pendri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

एवं पिछड़े बालक। सामान्य विद्यालयों में सामान्य कक्षाओ में सामान्य रूप से औसत या सामान्य बालक / विद्यार्थियो को हटा दिया जाए तो विशिष्ट बालको के यह दोनो रूप लगभग प्रत्येक विद्यालयों में जिल जाएगें।

प्रतिभाशाली बालक-

प्रतिभाशाली बालक वे विद्यार्थी होते हैं जिनकी बौद्धिक क्षमताएं सामान्य विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक होता है टरमेन के अनुसार ऐसे बालको की बुद्धिलब्धि 140 से ऊपर होती है जबकि मिल के अनुसार 190-200 बुद्धि लब्धि वाले बालक प्रतिभाशाली होते हैं। हैविंगहर्स्ट ने इस बारे में विचार व्यक्त करते हुए कहते है कि "प्रतिभाशाली बालक वे है जो समाज के किसी भी कार्यक्षेत्र में निरन्तर कार्यकुशलता का परिचय देते हैं।"

पिछड़े बालक-

पिछड़े बालक वह विद्यार्थी होते है जो कक्षा में किसी तथ्य को बार-बार समझाने पर भी नही समझते यह औसत विद्यार्थियों के समान प्रगति नहीं कर पाते हैं। ऐसे विद्यार्थी पाठ्यक्रत तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओ में किसी प्रकार की रूचि नहीं लेते हैं। बर्ट के अनुसार "एक पिछड़ा बालक वह है जो अपने शाला जीवन के मध्यकाल में अपनी कक्षा से नीचे की कक्षा का काम नही कर सकते जो कि उसकी आयु के लिए सामान्य कार्य हो।" विद्यार्थियों में पिछड़ेपन के कई कारण होते हैं जैसे शारीरिक दोष का होना, मानसिक दृष्टि से कमजोर होना, संवेगात्मक रूप से कमजोर होना, शिक्षा का अभाव होना आदि। इन सभी कारणो को निदान द्वारा हि दूर या कम किया जा सकता है।

शालेय समायोजन-

शालेय समायोजन अर्थात कोई विद्यार्थी अपने शाला में शैक्षिक, सांस्कृति आदि कार्य व गतिविधियो के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन संयम रूप से करना। हेरियोस (2004) ने विद्यालय में समायोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि "शाला में समायोजन एक मुख्य प्रक्रिया के रूप में होता है जो कि आंतरिक योग्यता और पूर्व अधिगम, पारिवारिक विशेषताये जो उसके व्यवहार को पर्यावरणीय विशेषताये, जो उसके व्यवहार को संचालित करती है, उसका स्वभाव और गुण मे सभी बाते बच्चे को एक अच्छा समायोजित बालक सिद्ध करती है।" इस प्रकार कहा जा सकता है की शालेय समायोजन विद्यार्थी द्वारा शैक्षिक कार्यो के साथ शिक्षक व सहपाठीयो के साथ भी सामंजस्य बनाते हुए रहता है।

परीक्षा संबंधी चिन्ता-

चिन्ता को एक प्रकार का मानसिक स्वास्थ्य में विकास माना जाता है जो भय, आशंका और अत्यधिक रूप से घबराहट को बढ़ाने का काम करता है। वैसे तो चिंता शरीर की एक सामान्य प्रक्रिया जब व्यक्ति अत्यधिक तनाव में होता है। चिंता रहने की समय-सीमा कम हो तो वह सामान्य कहा जा सकता परन्तु लम्बे समय यह समस्या है तो यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यह मानसिक समस्याओं को बढ़ावा देते हैं। चिंता कई तरह के होता है परन्तु विद्यार्थी जीवन में परीक्षा संबंधी विन्ता सबसे बड़ी होती है। परीक्षा की तैयारी में अधुरापन परीक्षा चिन्ता को बढ़ाता है।

शोध के उद्देश्य-

प्रस्तुत शोधपत्र में चरों के आधार पर निम्न उद्देश्य बनाए गये हैं-

1 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन का अध्ययन करना।

2 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी चिंता का अध्ययन करना।

परिकल्पना-

H_{01}- उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं पाया जायेगा।

H_{02}- उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी चिंता में सार्थक अन्तर नही पाया जायेगा।

परिसीमन-

1 प्रस्तुत शोध पत्र छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के 2 विकासरखंड बिल्हा व मस्तुरी तक सीमित है।

2 प्रस्तुत शोध पत्र बिल्हा व मस्तुरी विकासखण्ड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 11वीं कक्ष के विद्यार्थीयो तक सीमित हैं।

3 प्रस्तुत शोध पत्र विद्यार्थियों के शालेय समायोजन एवं परीक्षा संबंधी चिंता तक सीमित है।

शोध अभिकल्प:-

- न्यादर्श- प्रस्तुत शोध पत्र में जिला - बिलासपुर के बिल्हा व मस्तुरी विकासखण्ड के 11वीं कक्षा के 100 विद्यार्थियो का का चयन उद्देश्य पूर्ण न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है।
- उपकरण- प्रस्तुत शोध-पत्र में दो उपकरण विधियों का प्रयोग किया गया है -

1. AISS - Adjustment Inventory for School Student-

डॉ. ए. के. सिन्हा एवं डॉ आर.पी. सिंह द्वारा निर्मित समायोजन वस्तु सूची (1984) का प्रयोग समायोजन एवं उसके तीन क्षेत्र सांवेगिक, शैक्षिक व सामाजिक समायोजन को मापने के लिए किया गया है। जिसमें 20-20 प्रश्नों के 3 सेट है अर्थात कुल 60 प्रश्न है जिसमें हॉ या नही दो सम्भावित उत्तर दीये गये है। जिसमें हॉ पर 1 एवं नही पर शून्य अंक दिया जायेगा। प्राप्त अंको के योग को आँकड़ों के रूप में प्रयोग किया गया।

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pandri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

2. SEAt- Student's Examination Anxiety Test-

डॉ. मधु अग्रवाल तथा वर्षा कौशल द्वारा निर्मित विद्यार्थी परीक्षा चिंता मापनी (1985) का प्रयोग परीक्षा संबधि चिंता को जानने के लिए किया गया। जिसमे 38 कथन है जिसके 2 विकल्प हॉ या नहीं है प्राप्त अनुक्रिया में हॉ पर 1 व नहीं पर शून्य अंक देते हुए कुल योग निकाल कर अंको का साख्यिकीय विश्लेषण किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकीय-

प्रस्तुत शोध पत्र मे उपकरण से प्राप्त आंकड़ो के विश्लेषण हेतू मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं CR का प्रयोग कर सार्थकता की जांच किया गया।

परिकल्पनाओ का परीक्षण एवं विश्लेषण-

प्रथम परिकल्पना-

H_{01}- "उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं पाया जायेगा।"

इस परिकल्पना के परीक्षण के लिए प्राप्त आंकड़ों को प्रतिभाशाली एवं पिछड़े बालकों में वर्गीकृत किया गया है व प्राप्त आंकड़ों से मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात (CR) मूल्य प्राप्त किया गया है जो कि तालिका क्रमांक 1 में प्रदर्शित है।

तालिका क्रमांक 01

क्र.	विद्यार्थी समूह	संख्या N	मध्यमान M	प्रमाणिक विचलन S.D.	क्रांतिक अनुपात (CR)	स्वतंत्रता की कोटी (df)	सार्थकता (CR)	परिणाम
1.	प्रतिभाशाली बालक	50	10.46	4.66	6.81	98	0.01 स्तर पर सार्थक	H_{01} अस्वीकृत
2.	पिछड़े बालक	50	17.34	5.41				

विश्लेषण-

उपरोक्त तालिका 03 के विश्लेषण के अनुसार प्रतिभाशाली बालकों के प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमशः M1 = 10.46 तथा प्रमाणिक विचलन (σ_1 1) SD_1 = 4.66 प्राप्त हुआ तथा पिछड़े बालकों के प्राप्तांको का मध्यमान M2 = 17.34 तथा प्रमाणिक विचलन (σ_1 1) SD_2 = 5.41 प्राप्त हुआ, जिसकी सार्थकता के परीक्षण हेतु क्रांतिक अनुपात (CR) मूल्य निकाला गया जिसका मान CR = 6.81 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर 2.58 से अधिक है। अतः CR का मान 0.01 स्तर पर सार्थक सिद्ध होता हैं।

द्वितीय परिकल्पना-

H_{02}- उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी चिंता में सार्थक अन्तर नही पाया जायेगा।

इस परिकल्पना के परीक्षण के लिए प्राप्त आंकड़ों को प्रतिभाशाली एवं पिछड़े बालकों में वर्गीकृत किया गया है व प्राप्त आंकड़ों से मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात (CR) मूल्य प्राप्त किया गया है जो कि तालिका क्रमांक 2 में प्रदर्शित है।

तालिका क्रमांक 02

क्र.	विद्यार्थी समूह	संख्या N	मध्यमान M	प्रमाणिक विचलन S.D.	क्रांतिक अनुपात (CR)	स्वतंत्रता की कोटी (df)	सार्थकता (CR)	परिणाम
1.	प्रतिभाशाली बालक	50	12.03	7.05	5.19	98	0.01 स्तर पर सार्थक	H_{02} अस्वीकृत
2.	पिछड़े बालक	50	19.02	6.06				

Principal
Department of Education
Sandipani Academy
Pandri (Masturi) Bilaspur (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

विश्लेषण-

उपरोक्त तालिका 03 के विश्लेषण के अनुसार प्रतिभाशाली बालकों के प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमशः M1 = 12.03 तथा प्रमाणिक विचलन (σ_1) SD_1 = 7.05 प्राप्त हुआ तथा पिछड़े बालकों के प्राप्तांको का मध्यमान M2 = 19.02 तथा प्रमाणिक विचलन (σ_1) SD_2 = 6.06 प्राप्त हुआ, जिसकी सार्थकता के परीक्षण हेतु क्रांतिक अनुपात (CR) मूल्य निकाला गया जिसका मान CR = 5.19 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर 2.58 से अधिक है । अतः CR का मान 0.01 स्तर पर सार्थक सिद्ध होता हैं।

परिणाम एवं विवेचना-

H_{01}- "उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के शालेय समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं पाया जायेगा।"

परिणाम - H_{01} परिकल्पना अस्वीकृत हुई।

विवेचना-

प्राप्त परिणाम से यह स्पष्ट होता है कि प्रतिभाशाली एवं पिछड़े बालकों के शालेय समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया है, इसका कारण यह हो सकता है कि पिछड़े बालकों के उच्च प्राप्तांक मानसिक अस्थिरता, भद्र व्यवहार तथा पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में कुसमायोजन या असफलता को प्रदर्शित करता है तथा पिछड़े बालको की तुलना में प्रतिभाशाली बालकों के निम्न प्राप्तांक स्थिर संवेग, श्रेष्ठ सामाजिक समायोजन तथा शैक्षिक शालेय समायोजन में सफलता को दर्शाता है।

H_{02}- "उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के विशिष्ट विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी चिंता में सार्थक अन्तर नही पाया जायेगा।"

परिणाम- H_{02} परिकल्पना अस्वीकृत हुई।

विवेचना-

प्राप्त परिणाम से यह स्पष्ट होता है कि प्रतिभाशाली एवं पिछडे बालकों की परीक्षा संबंधी चिंता में सार्थक अंतर पाया गया है, इसका कारण यह हो सकता है कि पिछड़े बालकों के उच्च प्राप्तांक अधिक चिंता को दर्शाता करता है जो असफलता के कारण होता तथा उन्हे परामर्श व मनोवैज्ञानिक सहायता देनी चाहिए। पिछड़े बालको की तुलना में प्रतिभाशाली बालको के निम्न प्राप्तांक कम चिंता को दर्शाता है जो अभिप्रेरणा अधीन के सूचक है।

संदर्भग्रंथ

